प्रेस नोट संख्या– 36 दिनांक– 12 दिसंबर 2025

## प्रेस विज्ञप्ति

## बीएलओ आउटरीच अभियान की हो नियमित मॉनिटरिंग– मुख्य निर्वाचन अधिकारी

— मतदाताओं से संपर्क,समन्वय और संवाद स्थापित करें बीएलओ– सीईओ

— सीईओ ने एसआईआर की तैयारियों के सम्बंध में की जिलों की समीक्षा

– मतदाताओं की सुविधा के लिए स्थापित हेल्पडेस्क में अधिकारियों की तय की जाए जिम्मेदारी

– सभी जनपदों में बूथ अवेयरनेस ग्रुप का तत्काल किया जाए गठन

देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ0 बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने गुरुवार को सचिवालय में वीडियो कॉफ्रेंस में माध्यम से सभी जनपदों के जिलाधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियों, जनपद और ईआरओ स्तर पर प्रत्येक मतदाता तक पहुंच और बूथ अवेयरनेस ग्रुप (बैग) के सम्बंध में विस्तृत समीक्षा की गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में निर्देश दिए कि बूथ लेवल ऑफिसर "बीएलओ आउटरीच अभियान" के तहत अपने क्षेत्र के मतदाताओं से संपर्क,समन्वय और संवाद स्थापित करें। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि बीएलओ की नियमित भ्रमण की मॉनिटरिंग की जाए और नियमित रिर्पोट मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन मतदाताओं द्वारा वोटर हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से मतदाता सूची की जानकारी ली जा रही है उनका हर हाल में समाधान किया जाए। जनपद एवं ईआरओ ऑफिस में हेल्पडेस्क प्रभावी रुप से स्थापित की जाए और इसके लिए प्रभारी अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बूथ अवेयरनेस ग्रुप (बैग) के सम्बंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता स्थलों पर बैग का गठन तत्काल पूर्ण कर लिया जाए।

बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ0 विजय कुमार जोगदंडे,उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास सहित सभी जनपदों के जिलाधिकारी वर्चुअल रुप से शामिल रहे।

********